जो तुम तोड़ो पिया मैं नाही तोड़ू रे

जो तुम तोड़ो पिया, मैं नाही तोड़ू रे।
तोरी प्रीत तोड़ी कृष्णा, कौन संग जोड़ू॥

तुम भये तरुवर, मैं भयी पंखिया।
तुम भये सरोवर, मैं भयी मछिया॥

तुम भये गिरिवर, मैं भयी चारा।
तुम भये चंदा मैं भयी चकोरा॥

तुम भये मोती प्रभु जी, हम भये धागा।
तुम भये सोना, हम भये सुहागा॥

बाई मीरा के प्रभु बृज के बासी।
तुम मेरे ठाकुर, मई तेरी दासी॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/203/title/meera-bhajan-jo-tum-todo-piya-main-nahi-todu-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |